मंगलवार

01 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जाएगा बलिया का बस अड्डा : परिवहन मंत्री 4




## छोटी खबरें

### सड़क हादसे में घायल दरोगा की इलाज के दौरान मौत

**नालंदा।** नालन्दा में सड़क हादसे में एक दरोगा की इलाज के दौरान शनिवार की देर रात पटना में मौत हो गई। मृतक सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहडीह महुआ तर निवासी नरेश पासवान के (30 वर्षीय) बेटा चिंटू पासवान है। सोमवार को शव को घर लाया गया है। घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि चिंटू पासवान शनिवार खरना के दिन अपने परिवार के यहां से छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण कर बुलेट से बिहार शरीफ अपने घर लौट रहे थें। तभी एकंगरसराय वायपास में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने जख्मी को इलाज के लिए एकंगरसराय पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### गर्लफ्रेंड से मिलने छठ घाट पर पहुंचे प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** जिले में गर्लफ्रेंड से मिलने छठ घाट पहुंचे एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मामला कांटी थाना क्षेत्र के महरथा गांव का है। युवक अपने दोस्त के साथ गर्लफ्रेंड से मिलने उसके गांव पहुंचा था। छठ घाट पर युवक को देख लड़की के परिजनों ने छेड़खानी का आरोपी लगाकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घाट पर मौजूद सैकड़ों लोगों ने उसे ईंट-पत्थर से कूच दिया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिटाई से युवक का दोस्त भी गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक की पहचान ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के मेंहदी हसन रोड के हजम टोली निवासी 19 वर्षीय निहाल उर्फ अयान के रूप में हुई है।

### पूर्व मुखिया पति पर ताबड़तोड़ फायरिंग, स्थिति गंभीर

**सीवान।** जिले में सोमवार सुबह छठ पर्व के दौरान बाइक सवार अपराधी पूर्व मुखिया पति को 5 गोली मारकर फरार हो गए। घटना गुठनी क्षेत्र के सोहागरा धाम की हैं। वहीं, अपराधियों की गोली से घायल पीड़ित की पहचान गुठनी थाना क्षेत्र सोहागरा धाम निवासी पूर्व मुखिया लीलावती देवी के 50 वर्षीय पति बैजनाथ यादव के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया गया कि सोमवार दोपहर करीब 1 बजे बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी अध्यक्ष बनने के स्वागत में कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था। जिसका जायजा लेने के लिए सोहागरा पंचायत के पूर्व मुखिया पति बैजनाथ यादव वहां पहुंचे हुए।

# मोरबी पुल हादसा : 132 लोगों की मौत, मामले में 9 की हो चुकी है गिरफ्तार

**केटी न्यूज/एजेंसी(गुजरात)**

गुजरात के मोरबी में रविवार की देररात हुए पुल हादसे में 132 लोग जान गंवा चुके हैं। इस बाबत राज्य गृह मंत्री हर्ष संघवी ने प्रेस बयान जारी कर हादसे में मरे लोगों की जानकारी दी। साथ ही, घायलों के इलाज को लेकर सरकार और विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराया। घटना के बाद सरकार से लेकर सेना और पुलिस सभी अलर्ट मोड पर हैं। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। साथ ही, प्रधानमंत्री ने शोक संवेदना जताते हुए मंगलवार को गुजरात जाने की बात कही। हालांकि, राज्य सरकार जांच ने मामले में सख्त जांच का आदेश जारी का दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की बात कही। लेकिन, पूरे मामले में हादसे का जिम्मेदार कौन है जैसे कई सवालों के जवाब अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन, पुलिस ने मामले में अब तक कुल 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद उनसे पूछताछ की जा रही है।

रविवार रात हुई इस घटना के बाद अब तक मृतकों, घायलों और गायब हुए लोगों की असल घटना की जानकारी नहीं लग सकी है। राज्य के गृहमंत्री हर्ष संघवी के अनुसार 177 लोगों को बचाया गया और 47 मृतकों की पहचान हो चुकी है। हालांकि, अभी बचाव कार्य खत्म नहीं हुआ है। संघवी ने बताया था कि नेवी, एनडीआरएफ, वायुसेना और सेना तेजी से पहुंची। जिन्होंने पूरी रात सर्च और रेसक्यू अभियान चलाया। वहीं, सोमवार को भी बवाच और राहत कार्य के लिए 200 से अधिक जवानों और लोगों की टीम लगी रही।

**ओरेवा ग्रुप को सौंपी गई थी रख रखाव की जिम्मेदारी :** मार्च 2022 में मोरबी की ओरेवा ग्रुप (अजंता मेन्युफेक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड) को पुल के रखरखाव का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। फिलहाल, कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हालांकि, इसके बाद भी टिकट बिक्री, नगरपालिका की भूमिका समेत कई सवाल बने हुए हैं। अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि जिम्मेदारी किसकी है। जानकारी के अनुसार मोरबी नगरपालिका के मुख्य अधिकारी संदीपसिंह जाला ने कहा, 'पुल मोरबी नगरपालिका की संपत्ति है, लेकिन हमने 15 सालों तक रखरखाव और संचालन के लिए इसे कुछ महीनों पहले ओरेवा ग्रुप को सौंपा था। हालांकि, निजी कंपनी ने हमें जानकारी दिए पुल आने वालों के लिए खोल दिया था। इसके चलते हम पुल का सेफ्टी ऑडिट नहीं करा सके।' उन्होंने



बताया, 'रिनोवेशन के काम के बाद इसे जनता के लिए खोल दिया गया था लेकिन स्थानीय नगरपालिका ने अब तक कोई फिटनेस सर्टिफिकेट जारी नहीं किया था।' अब सवाल उठता है कि आखिर बगैर सर्टिफिकेट पुल को आम जनता के लिए कैसे खोल दिया गया।

**आरोपियों पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज :** आईजी अशोक यादव ने कहा कि रविवार की शाम को 6:30 बजे पुल गिरा था। जिसमें स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान में काफी मदद की है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए आईपीसी की 304 व 308 धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की तैयारी में है। आईजी ने कहा कि आरोप है कि पुल की संचालक कंपनी ने समय से पहले ही पुल को खोल दिया था। घटना के संबंध में गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें दो प्रबंधक, दो मरम्मत करने वाले कॉन्ट्रेक्टर पिता और पुत्र, तीन सुरक्षा गार्ड और दो टिकट क्लर्क शामिल हैं।

दीपक पारेख (44), दिनेश दवे (41), मनसुख टोपीया (59), मादेव सोलंकी (36), प्रकाश परमार (63), देवांग परमार (31), अल्पेश गोहिल (25), दिलीप गोहिल (33) और मुकेश चौहान (26) शामिल हैं।

**सरकार ने किया मुआवजे का एलान**

इस हादसे पर दुख जताते हुए प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के बनासकांठा जिले में एक जनसभा के दौरान भावुक भी हो गए। पीएम मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की भी घोषणा की। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिजनों को 4 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का एलान किया गया है।

**रिनोवेशन हुआ तो हादसा क्यों हुआ?**

खबर है कि पुल को करीब 7 महीने पहले रिनोवेशन के लिए बंद कर दिया गया था। अब सवाल है कि रिनोवेशन के बाद भी यह हादसा कैसे हो गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी घटना पर सवाल उठा चुके हैं। गहलोत ने रविवार रात सिरोही में मीडिया से बातचीत में कहा कि यह घटना बहुत दुखद एवं बहुत बड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार को निष्पक्ष जांच कर पता करना चाहिए। जिससे पता चल सके कि कुछ दिन पूर्व ही रिनोवेशन के बाद खुला पुल किन परिस्थितियों में और कैसे गिर गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच हो ताकि दोषियों को सजा हो।

# नीतीश कुमार का दावा : उपचुनाव में आरजेडी के दोनों प्रत्याशियों की होगी जीत

- ■ मुख्यमंत्री ने कहा - अब डिप्टी सीएम तेजस्वी को आगे बढ़ना
- ■ तबियत खराब होने के कारण चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होने की कही बात

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को आगे बढ़ाएंगे। सोमवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बात को साफ कर दिया है कि अब डिप्टी सीएम को ही आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बात का जिक्र इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दे के बाद कहीं। मुख्यमंत्री




ने उपचुनाव में बीजेपी का समर्थन दे रहे चिराग पासवान को लेकर कहा कि चिराग पासवान भाजपा के साथ ही थे। चिराग पासवान तो शुरू से ही इस बात को कहते आए हैं कि 2020 विधानसभा चुनाव में जदयू के खिलाफ उन्होंने जो उम्मीदवार दिए थे। यह सबको पता है। वह किसके इशारों पर काम कर रहे थे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान को लेकर हमने क्या कुछ नहीं किया। लेकिन, ये लड़के अब क्या समझेंगे।

**आरजेडी के प्रत्याशी ही चुनाव जीत रहे हैं :** गोपालगंज व मोकामा विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने दावा किया है कि आरजेडी के प्रत्याशी ही चुनाव जीत रहे हैं। हमारी तबीयत थोड़ी खराब है। इसकी वजह से हम प्रचार-प्रसार करने नहीं जा रहे हैं, लेकिन आरजेडी के दोनों प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं। जनता मालिक है और इस बार हम जीत रहे हैं।

**रिट याचिका दायर करने जा रही है बीजेपी :** गोपालगंज सीट पर आरजेडी के प्रत्याशी के ऊपर हाईकोर्ट में बीजेपी रिट याचिका दायर करने जा रही है, जिसको लेकर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इससे कुछ फायदा होने वाला नहीं है, जिसको जहां जाना है वहां जाए। यह सबको पता है कि चुनाव के वक्त ऐसे बहुत से मामले सामने आते हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है।

## बीजेपी ने मोकामा उपचुनाव में झोंक दी अपनी पूरी ताकत

पटना। बिहार की नई राजनीतिक गठजोड़ के बाद गोपालगंज और मोकामा में उपचुनाव हो रहे हैं। यहां 3 नवंबर को वोटिंग होनी है। दोनों जगह बीजेपी और महागठबंधन में सीधा मुकाबला है। सियासी गलियारे में इसे 2024 लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में सेमीफाइनल भी कहा जा रहा है। चुनाव कैंपेन में भी यह साफ दिखाई दे रहा है।बीजेपी बोचहां के हार का बदला मोकामा में लेना चाहती है। यही कारण है कि गोपालगंज की सिटिंग सीट को नजरअंदाज कर पार्टी ने अपनी पूरी ताकत मोकामा में झोंक दी है। यहां बीजेपी की तरफ से 'बिरादरी नीति' को लागू किया गया है। पार्टी के लगभग 40 से ज्यादा विधायक और सैकड़ों नेता मोकामा में कैंप कर रहे हैं। ये नेता यहां जाति के हिसाब से अलग-अलग टोलों और मोहल्लों में पहुंच रहे हैं। बीजेपी के प्रचार रणनीति में हर जाति के हर वोटर तक पहुंचने की है। इसलिए बड़ी-बड़ी सभाओं की जगह वह हर वर्ग और जाति के मतदाताओं को साधने के लिए अलग- अलग नेताओं को उनके जातीय प्रभाव वाले इलाकों में भेजा जा रहा है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल की अगुआई में पार्टी के कई दिग्गज नेता इसमें नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी पिछले एक सप्ताह से मोकामा में डेरा डाले हुए हैं।

## सासाराम में बिहार की 111 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा, 7 नवंबर को होगा लोकार्पण

### कार्यक्रम में बाबा रामदेव समेत देश के कई प्रसिद्ध संत लेंगे भाग

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिला मुख्यालय सासाराम के पूर्वी छोर पर स्थित पायलट बाबा धाम में भगवान शिव की 111 फीट ऊंची प्रतिमा बनकर तैयार है। यह बिहार में भगवान शिव की सबसे ऊंची प्रतिमा होगी। कन्क्रीट के बने इस प्रतिमा के निर्माण में लगभग पांच साल लगे हैं। कुशल मूर्तिकारों की टीम ने इस भव्य प्रतिमा का निर्माण किया है। पुराने जीटी रोड यानी सासाराम-डेहरी लिंक रोड से गुजरते समय यह प्रतिमा दूर से ही नजर आती है। मंदिर और प्रतिमा का निर्माण पायलट बाबा ने कराया है। यह अपने निर्माण काल से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा है। प्रतिमा का लोकार्पण समारोह 7 नवंबर को होना है, जिसमें बाबा रामदेव समेत देश के कई प्रसिद्ध संत भाग लेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री, पर्यटन विभाग अजय भट्ट भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

**प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित है प्रतिमा :** भगवान शिव की प्रतिमा में उनका त्रिशूल मूर्ति से भी ऊंचा है। इस पर तड़ित चालक लगाया गया है, ताकि आकाशीय बिजली से इस



ऊंची प्रतिमा को कोई क्षति नहीं पहुंचे। बताते हैं कि प्रतिमा का आधार इतना ठोस है कि भूकंप में भी यह सुरक्षित रहेगी। प्रतिमा के सामने नंदी की ऊंची मूर्ति है। प्रतिमा के चारों तरफ शिवलिंग है।

**लोकार्पण समारोह में आएंगे कई संत :** 111 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा और पूर्वोत्तर ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के लोकापर्ण समारोह में संतो का जमावड़ा होगा। लोकार्पण महोत्सव में योग गुरु स्वामी रामदेव, जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, पंचायती अखाड़ा निरंजन आचार्य, महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी, वरिष्ठ महामंडलेश्वर अर्जुन पूरी, स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं अन्य संत मौजूद रहेंगे।

## अवैध खनन के लिए खेत में छिपाकर रखा 450 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट बरामद

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में करवंदिया में पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। 450 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक को पत्थर के अवैध खनन के लिए गन्ने के खेत में छिपाकर रखा गया था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के



आधार पर बरामद किया।

जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने रविवार की रात बताया कि मुफ्फसिल करवंदिया थाना अंतर्गत रविवार को रोहतास पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रहुलिया टोला के पास गन्ना के खेत में अवैध अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक पदार्थ छिपाकर रखा गया है। बताया कि यह सूचना मिलते ही इसे काफी गंभीरता से लिया गया तथा इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष सासाराम मु० थाना, ओ०पी०अध्यक्ष, करवंदिया एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को खेत में छापेमारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

मौके पर थानाध्यक्ष सासाराम मुफ्फसिल थाना एवं पुलिस बल के द्वारा उक्त स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी की गई।

## महंगे कांवेंट इंग्लिश स्कूलों को टक्कर देगा सीएम योगी का सरकारी कंपोजिट स्कूल

**केटी न्यूज/वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के सरकारी स्कूलों को कान्वेंट स्कूल के मुकाबले खड़ा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आजादी के पहले के महमूरगंज स्थित कम्पोजिट स्कूल का कायाकल्प हो रहा है। नगर निगम का ये विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा है, जो शहर के मंहगे कान्वेंट इंग्लिश स्कूलों को टक्कर देने को तैयार हो रहा है।बच्चे देश का भविष्य होते हैं। उनको अच्छे माहौल में अच्छी शिक्षा देकर देश को उन्नति की ओर ले जाया जा सकता है। योगी सरकार देश के इसी भविष्य को संवारने के लिए उनकी अच्छी शिक्षा के इंतजाम में जुटी है। सरकार वाराणसी में महमूरगंज कम्पोजिट स्कूल में एक नए भवन का निर्माण करा रही है। वहीं जर्जर हो चुकी इमारत के एक ब्लॉक का कायाकल्प भी हो रहा है। नवनिर्मित जी प्लस एक मंजिल के इस स्कूल में अबतक सोलह नए क्लास रूम बन गए हैं, जिनमे से तीन पुराने क्लास रूम की मरम्मत करा के नया जैसा बना दिया गया है।

# बना बेतिया का अमवा मन में बना राज्य का पहला वाटर स्पोर्ट्स

- ❐ 15 नवंबर से लुत्फ उठा पाएंगे लोग, पर्यटन विभाग ने शुरू की पहल
- ❐ छह माह पूर्व हो चुका है सफल ट्रायल, उद्घाटन भी संपन्न

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में पर्यटन को लेकर सरकार कई तरह की योजनाएं बना रही हैं। सांस्कृतिक और एतिहासिक तौर पर संपन्न बिहार लोगों को हमेशा आकर्षित करता रहा है।लेकिन पर्यटन की दृष्टि से विकास न हो पाने के कारण यहां पर्यटकों की पहुंच नहीं हो




पाती है। ऐसे में सरकार वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिए जाने पर काम कर रही है। बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से नई सुविधाओं की शुरूआत की जा रही है, ताकि बिहार में आनेवाले पर्यटकों की संख्या बढ़ सके। इसी को लेकर बेतिया के अमवा मन में वाटर स्पोर्ट्स और पैरासेलिंग की सुविधा पर्यटन विभाग की ओर से शुरू की गई है। इसका ट्रायल विगत 6 माह पूर्व हो चुका है, जो सफल रहा। बता दे इस का उद्घाटन भी 5 माह पूर्व हो चुका है।

**सैलानियों को इसके खुलने का इंतजार :** अब सैलानियों को इसके खुलने का इंतजार है। हालांकि कयास जताया जा रहा है कि 15 नवंबर से पर्यटकों के लिए पैरा सेलिंग की सुविधा शुरू की जाएग ताकि दूर-दूर से आने वाले सैलानी पैरासेलिंग के साथ पर्यटक वाटर स्पोर्ट्स का भी आनंद लें सकेंगे। हालांकि, इसकी अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है कि कब से इसे खोला जाएगा। बेतिया डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि जल्द ही इसे खोलने की तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। फिलहाल 4 नवंबर को अमवा मन एक बैठक होने वाली है। उन्होंने बताया कि अमवा मन को केवल वाटर स्पोर्ट्स ही नहीं बल्कि तैराकी और कयाक जैसे स्पोर्ट्स में यहां के यूथ को कैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भेजें। इसको लेकर डिसकस होगा और आने वाले समय में स्टार्टअप जोन के सामानों को यहां कैसे बेचा जा सके इस सारी बातों को लेकर चर्चा होगी।

**लिए गए हैं विभिन्न ट्रायल :** आमवा मन बेतिया जिला के मझौलिया प्रखंड क्षेत्र और एनएच 727 पर स्थित है। अमवामन को शीघ्र ही पर्यटन स्थल, वाटर एडवेंचर्स स्पोर्ट्स के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पिछले दिनों मोटर बोट, क्याक, टॉय राईड, जेट्स की स्कूटर और वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का सफल ट्रायल किया गया था। लेकिन, अमवामन आने वाले पर्यटक अब पैरासेलिंग का आनंद भी ले पाएंगे। बताया जाता है कि दरअसल जैसे ही लोग जिले की सीमा में प्रवेश करेंगे वैसे ही अमवा मन पर्यटकों का स्वागत करेगा। बता दें की अमवा मन में एक झील भी है और यह झील पहले सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र के लोग मछली मारने का काम करते थे। लेकिन अब बिहार के पश्चिम चंपारण में भी गोवा जैसे आनंद के लिए देश-विदेश से पर्यटक पहुंचेंगे।

## यहां मिलेगी ये सभी सुविधाएं

इसके साथ ही पैडल बोट, बनाना राइड, जेट स्की, जॉर्निंग रोलर, कनू, ट्री हाउस, फ्लोटिंग प्रोमिनेड का भी लुत्फ उठा सकेंगे। इसके तहत वाटर एडवेंचर्स स्पोर्ट्स में पर्यटकों की सुविधाओं के मद्देनजर सारी व्यवस्थायें की जा रही है। महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, शौचालय, पार्किंग स्थल आदि की व्यवस्था की गई है।सबसे खास बात यह है कि यह अमवा मन एनएच 727 पर है, जो पश्चिमी चंपारण की सीमा पर है और इसे अब पश्चिमी चंपारण का प्रवेश द्वार भी कहा जाने लगा है।

## छोटी खबरें

### भोजपुर डीडीसी को दी गई भावभीनी विदाई

**आरा।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान का अध्यात्मिक सदग्रंथ 'स्वर्वेद' उप विकास आयुक्त हरि नारायण पासवान के साथ एक औपचारिक भेंट वार्ता कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में स्वर्वेद उप विकास आयुक्त हरि नारायण पासवान को भेंट करने हेतु विहंगम योग संस्थान भोजपुर जिला इकाई के तरफ से पटना पश्चिमी प्रमंडल के मंत्री उमेश कुमार जी, भोजपुर जिला सचिव विजय चंद्रकांत पांडेय, आरा अनुमंडल के सह? संयोजक राजवंश सिंह जी, भोजपुर जिला मिडिया के प्रभारी सुरेश कुमार के साथ ही अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### छठ को लेकर सजाए गए मार्ग

**आरा।** श्री काला मंदिर, बड़ी मठिया के द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ के सुबह अवसर पर यहां के नवयुवकों द्वारा बड़ी मठिया से लेकर बाबू बाजार मोड़ तक लाइट के साथ मोर के पंखों द्वारा डेकोरेट किया गया था। वहीं, बड़ी मठिया मोड़ पर एक भव्य जिसकी ऊंचाई करीब 7 फिट की ओम का आकार देकर उस पे दिए को जलाया गया और चारों तरफ घूमता हुआ दिखाया गया जिसे देखने के लिए सहर के लोगो का आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसकी तैयारी 4 दिनों से मोहल्ले के युवकों द्वारा किया जा रहा था। जिसमें असगर अली उर्फ रिंकू, सिद्धू, रूपेश कुमार, मुकेश कुमार, अरुण कुमार आर्य, छोटू, संजय व अन्य ने योगदान दिया।

### परेशान युवक ने किया खुदकुशी का प्रयास

**आरा।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव में दुकान में बिक्री नहीं होने से परेशान होकर एक दुकानदार ने रविवार की सुबह खुद का गला रेत खुदकुशी का प्रयास किया है। जिसमें दुकानदार ने अपने ही गले को बेहरमी से काट लिया। घटना के बाद परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि जख्मी दुकानदार आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव निवासी जगरनाथ साह का बेटा मनोज कुमार गुप्ता है। पेशे से किराना दुकानदार था एवं गांव में ही किराना दुकान चलाता था। इधर जख्मी दुकानदार ने बताया कि उसका दुकान कुछ महीनों से ठीक नहीं चल रहा था। इसके चलते कुछ महीनों से डिप्रेशन में चल रहा था।

# उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

- प्रशासनिक स्तर पर चिह्नित किए गए थे 103 छठ घाट, हर जगह चौक चौबंद व्यवस्था
- उगह हे सूरज देव भइल अरघ के रे बेरवा... जैसे परंपरागत गीतों से बहती रही भक्ति की बयार

**केटी न्यूज/जहानाबद**



उगह हे सूरज देव भेल भिनसरवा... अरघ के रे बेरवा हो पूजन के रे बेरवा, व्रती पुकारे देव दुनु कर जोरवा.... अरघ के रे बेरवा हो पूजन के रे बेरवा .... जैसे गीत के साथ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। जन कल्याण की कामना की साथ ही इस महापर्व का समापन किया गया। रविवार को छठ व्रतियों ने जहां डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया वहीं सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस महापर्व को लेकर चार दिनों तक सभी लोग आस्था में गोता लगा रहे थे। शहर से लेकर गांव तक के सभी गलियों में छठी मईया की गीत गूंज रही थी। प्रशासनिक स्तर पर जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र में जहां 13 वहीं पूरे जिले में 103 छठ घाट बनाए गए थे। शहर के संगम घाट, काको के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर,दक्षिणी सूर्य मंदिर,मखदुमपुर जमुनईया नदी घाट, धराउत में अवस्थित प्राचीन तालाब समेत फल्गु नदी पर बनाए गए कई घाटों के साथ-साथ अन्य नदी सरोवर में छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया।

लोक आस्था के महापर्व की तैयारी काफी पहले से की जा रही थी। शहर में मुख्य आकर्षण का केंद्र संगम घाट रहा जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। डीएम रिची पाण्डेय, एसपी दीपक रंजन, उप विकास आयुक्त परितोष कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय,नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कुमार रित्विक समेत अन्य अधिकारियों ने छठ घाटों का जायजा लेते हुए हर संभव व्यवस्था को बहाल रखने की दिशा में जुटे रहे।

लोक आस्था के महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाए गए थे। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के उद्देश्य से छठ घाटों पर सादे लिबास में भी महिला पुरुष पुलिसकर्मी की तैनाती की गई थी। आम लोगों का भी भरपूर सहयोग इस त्योहार में प्रशासन को मिल रहा था। लोग छठ घाटों की साफ-सफाई से लेकर अन्य सभी कार्यों में सहयोग कर रहे थे। छठ घाट के साथ-साथ आने जाने वाले रास्तों पर भी लोगों द्वारा स्टाल लगाए गए थे, जिसका उद्देश्य छठ व्रतियों को हर संभव सुविधा प्रदान करना था। उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के उपरांत लोगों ने महानुष्ठान का प्रसाद ग्रहण किया।

# सोने की चेन और अंगुठी के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

## हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने की थी तैयारी, मायके पक्ष ने रास्ते में रोका शव

- परिजनों का आरोपः शव रोकने पर भांजी के मौसा के साथ की गयी मारपीट

**केटी न्यूज/आरा**


अस्पताल में जुटे परिजन और इनसेट में मृतका

जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में सोमवार की सुबह दहेज के लिए एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। उसके बाद शव को ठिकाने लगाने की तैयारी की जा रही थी। तभी मायके वालों को भनक लग गयी और रास्ते में शव रोक लिया गया। उसे लेकर विवाहिता के मौसा के साथ मारपीट भी की गयी। मृतका बड़गांव गांव निवासी ओम प्रकाश चौधरी की 20 वर्षीया पत्नी रमिता देवी थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम कराया गया। विवाहिता के मामा पूर्णवासी चौधरी ने सोने की चेन और अंगूठी के लिए ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी गांव निवासी उनकी भांजी रमिता की शादी मई 2020 में बड़गांव गांव निवासी पुकार चौधरी के पुत्र ओम प्रकाश चौधरी से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके पति सहित अन्य ससुराल वालों द्वारा सोने की चेन और के लिए हमेशा उसे प्रताड़ित किया जाता था।

सोमवार की सुबह भी उसने अपनी मां के मोबाइल पर फोन कर कहा कि उसके पति और ससुराल वाले उसे चेन व की अंगूठी को लेकर प्रताड़ित कर रहे हैं। इसके बाद कुछ देर बाद ही उसकी मौत की सूचना मिली। उसके बाद वे लोग ससुराल जा रहे थे। तभी रमिता के मौसा शिव कुमार चौधरी ने बड़गांव बाजार पर देखा कि उसके ससुराल वाले साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाने ले जा रहे हैं। उस पर उन्होंने विरोध किया और शव रोक दिया। उस दौरान रमिता के ससुराल वालों द्वारा उनकी पिटाई कर दी गयी। उसके बाद ससुराल वाले शव छोड़ कर वहां से भाग गए। इधर, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस अपने स्तर से लिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि रमिता अपने तीन भाई व दो बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके परिवार में मां रीता देवी, भाई धन्नु, अरविंद, गोविंद और एक बहन सुनीता कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## ससुराल से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर हुई मौत

**बिहिया चौरास्ता स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार शाम की घटना**

**आरा।** भोजपुर के बिहिया चौरस्ता स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार की शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। सड़क पार करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया। इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के दोघरा टोला वार्ड नंबर 9 निवासी दीनानाथ राम का 35 वर्षीय पुत्र मोरध्वज राम था। वह बिहिया के एक रेस्टोरेंट में काम करता था। युवक के भाई धर्मराज ने बताया कि वह रविवार को पत्नी के साथ बिहिया स्थित अपने ससुराल गए थे। शाम में वह वापस घर लौट रहे थे। चौरस्ता स्थित पैट्रोल पंप के समीप सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इससे वह जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। उसके बाद गश्ती पर निकली बिहिया थाना की पुलिस द्वारा उसे स्थानीय पीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी सुनीता देवी, मां सीतापति देवी, पुत्र आकाश कुमार, अनुज कुमार और एक पुत्री अनुष्का कुमारी है। घटना के बाद युवक की मां सीतापति देवी और पत्नी सुनीता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### भाकपा-माले ने कपिल पासवान के निधन पर भाकपा-माले ने शोक व्यक्त किया

**आरा।** भाकपा-माले श्रीटोला ब्रांच कमेटी सदस्य कामरेड कपिल पासवान के निधन पर भाकपा-माले ने शोक व्यक्त किया। कपिल पासवान कई दिनों से बिमार थे। अपने बीमारी का इलाज कराने के लिए पटना जाने के क्रम में रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही भाकपा-माले के कई वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता उनके घर पहुंचे और उनके परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की।कामरेड कपिल पासवान काफी लम्बे समय से पार्टी सदस्य थे। पार्टी के संघर्ष में कई उतराव-चढाव् को अपनी आंखों से देखा लेकिन वे कभी विचलित नहीं हुए और? वे हर आंदोलन में शामिल होते रहे। वे पार्टी के साथ अपने जीवन के अंतिम दिनों तक जुड़े रहे। कामरेड कपिल पासवान सामंतवाद विरोधी व फासीवाद के खिलाफ लोकतंत्र, संविधान व रोजी-रोटी को बचाने की लड़ाई में एक समर्पित सिपाही के बतौर खुद को खड़ा करते हुए पार्टी के साथ अपने जीवन के अंतिम दिनों तक पार्टी के साथ जुड़े रहे। कामरेड कपिल पासवान का लंबा जुड़ाव ही हमलोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। आज उनका अंतिम संस्कार के दौरान भाकपा-माले ने पार्टी परंपरा के अनुसार उन्हें झंडा समर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। माल्यार्पण अर्पित करने वालों में भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता व पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, केंद्रीय कमेटी सदस्य व जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, केंद्रीय कमेटी सदस्य व अगिआंव विधायक मनोज मंजिल, केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, राज्य स्थायी समिति सदस्य व तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, आइसा राज्य सचिव सबीर, नगर? सचिव दिलराज प्रीतम, इंनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन, जिला कमेटी गोपाल प्रसाद, जिला कमेटी सदस्य राजनाथ राम, जितेंद्र सिंह, दीनानाथ सिंह, निरंजन केसरी, सुशील पाल, चंदन? कुमार, हरिनाथ राम, सुरेश पासवान, सत्यदेव कुमार, संतविलास राम, देवानंद पासवान, दिलीप कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि सैकड़ों लोग ने नम आंखों से कामरेड कपिल पासवान को अंतिम विदाई दी।

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की मिमिक्री

**जहानाबाद।** शहर के संगम घाट पर माइक से अचानक लालू प्रसाद की आवाज गूंजने लगी। लोग इस अवाज को सुनकर इधर उधर झांकने लगे। कुछ देर तक लोगों को लगा कि कहीं कार्यक्रम में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद तो नहीं आ गए हैं, लेकिन आवाज मंच की ओर से आ रहा था। लालू प्रसाद के आवाज की हूबहू नकल उतारते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार पांडेय भीड़ में मौजूद लोगों को कई तरह के निर्देश दे रहे थे। लालू प्रसाद के आवाज में ही उन्होंने पुलिस प्रशासन के व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा की छठ पर्व अपने परिवार के साथ खुशी खुशी मनाएं। मंच पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव समेत अन्य लोग भी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा राजद सुप्रीमो की आवाज की हूबहू।

### भोजपुर डीडीसी को दी गई भावभीनी विदाई

**आरा।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान का अध्यात्मिक सदग्रंथ '''स्वर्वेद '' उप विकास आयुक्त हरि नारायण पासवान के साथ एक औपचारिक भेंट वार्ता कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में "स्वर्वेद" उप विकास आयुक्त हरि नारायण पासवान को भेंट करने हेतु विहंगम योग संस्थान भोजपुर जिला इकाई के तरफ से पटना पश्चिमी प्रमंडल के मंत्री उमेश कुमार जी, भोजपुर जिला सचिव विजय चंद्रकांत पांडेय, आरा अनुमंडल के सह? संयोजक राजवंश सिंह जी, भोजपुर जिला मिडिया के प्रभारी सुरेश कुमार के साथ ही अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी का शहादत दिवस

**आरा।** कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन आरा में जिलाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न इंदिरा गांधी का 38वां शहादत दिवस एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह रक्षा मंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह ने कहा कि आज देश की एकता और अखंडता के लिए मर मिटने वाले देश के दो महान विभुतियों को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए उपस्थित हुए है।

# भोजपुर के युवा कारीगर की पानीपत की कपड़ा फैक्ट्री में मौत

- जगदीशपुर के बभनियांव का रहने वाला था मृत युवक, शव आते ही मचा कोहराम
- आराम कर रहे युवक पर मजदूरों ने रख दिया था कपड़े का बंडल, दबने से गई जान

**केटी न्यूज/आरा**


मृतक के घर पर जुटे लोग

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव निवासी एक कारीगर की हरियाणा के पानीपत की कपड़ा फैक्ट्री में मौत हो गयी। शनिवार की सुबह फैक्ट्री के अन्य मजदूरों की लापरवाही के कारण कपड़ों के बंडल से दबने से उसकी जान चली गयी। मृत युवक बभनियांव गांव निवासी प्रिती यादव का पुत्र 20 वर्षीय गुड्डू कुमार था। सोमवार को शव पहुंचते ही उसके घर में कोहराम मच गया। गांव का माहौल भी गमगीन हो उठा। बताया जा रहा है कि गुड्डू हरियाणा के पानीपत की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार की सुबह फैक्ट्री में काम करते समय आराम करने के लिए वह कपड़ों के बीच में सो गया। तब फैक्ट्री में काम कर रहे दूसरे मजदूरों द्वारा उसके उपर कपड़ों का बंडल रख दिया गया। उससे वह दब गया और उसकी मौत हो गयी। इधर, काफी देर तक जब गुड्डू दिखाई नहीं पड़ा, तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। उस दौरान कपड़ों के बंडल के पास उसका चप्पल दिखाई दिया। उस आधार पर बंडल हटाया गया। तबतक उसकी काफी देर हो गयी थी और सांस टूट चुकी थी।

छठ पर मौत से घर में कोहराम :

बताया जा रहा है कि गुड्डू कुमार पिछले 13 अक्टूबर को ही काम करने पानीपत गया था। एक पखवारे के बाद ही उसकी मौत हो गयी। छठ के दिन ही उसका शव घर आ गया। छठ के एक रोज पहले गुड्डू की मौत से उसके घर में कोहराम मचा है। गुड्डू तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से गांव का छठ का माहौल ही गमगीन हो गया है। वहीं सूचना मिलने पर शिक्षक नेता सह सामाजिक पंकज कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोगों ने उसके घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। इधर, पूर्व विधायक भाई दिनेश ने भी मौत पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए राज्य सरकार से नियमानुकूल उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## फाइनेंस कर्मी और सीएसपी संचालक लूटकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के बाघी मोड़ और चौरी थाने के बेरथ गांव के पास फाइनेंस कर्मी एवं सीएसपी संचालक लूटकांड का मुख्य आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रविवार को आरा रेलवे स्टेशन के नजदीक से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वह नारायणपुर थाना क्षेत्र भलुनी गांव का रहने वाला सुनील कुमार है। पुलिस की पूछताछ में उसने लूट की दोनों घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। फाइनेंस कर्मी से लूट में उसके भाई सहित अन्य अपराधी पहले ही जेल जा चुके हैं। पुलिस को इस मामले में पुलिस को अब एक अन्य बदमाश की तलाश है। गिरफ्तार सुनील कुमार हाल के दिनों में पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा था। बता दें कि 22 सितंबर की सुबह चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव के समीप मारपीट कर एक सीएसपी संचालक से पैसे छीन लिया गया था। उस मामले में पहले ही दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके बाद गत 18 अक्टूबर को नारायणपुर थाने के बाघी मोड़ के पास माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूटपाट की गयी थी। दोनों घटनाओं का खुलासा और लुटेरों की गिरफ्तारी को लेकर पीरो एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा फाइनेंस कर्मी से लूट में मास्टर माइंड और लाइनर सहित अन्य लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन लुटेरों से पूछताछ में सुनील कुमार सहित दो अन्य का नाम आया था। उसके बाद से ही पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में नारायणपुर थानाध्यक्ष नीता कुमारी और चौरी थानाध्यक्ष पवन कुमार ने सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसकी निशानदेही पर फरार एक अन्य अपराधी की धरपकड़ में जुटी है।

## टीबी रोगियों के लिए दवा के कोर्स का पूरा सेवन जरूरी

# अब आरोग्य साथी एप से जान सकते हैं टीबी से जुड़ी सभी जानकारी

- पंजीकृत टीबी रोगियों के लिए है यह एक डिजिटल प्लेटफार्म

**केटी न्यूज/पटना**



टीबी यानि क्षय रोग से ग्रसित मरीजों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सरकार द्वारा ह्टीबी आरोग्य साथीह्व एप विकसित किया गया है। क्षय रोग से ग्रसित मरीजों का टीबी आरोग्य साथी एप मददगार बनेगा। इस एप के माध्यम से रोगी न सिर्फ अपनी प्रगति रिपोर्ट देख सकते हैं, बल्कि टीबी से संबंधित समस्त जानकारी भी उन्हें प्राप्त होती है। इससे मरीज अपनी आईडी डाल निश्चय योजना द्वारा मिलने वाली राशि की स्थिति भी देख सकते एवं दवा की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां टीबी से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध रहती है।

**जानें टीबी आरोग्य साथी एप के बारे में :** एनटीईपी के तहत पंजीकृत रोगियों के लिए यह डिजिटल रिकार्ड तक पहुंचने के लिए एक पोर्टल की तरह कार्य करता है। इसके अंतर्गत टीबी परीक्षण और उपचार विवरण, विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के तहत देय राशि का विवरण, स्वास्थ्य प्रदाता तक पहुंच और उपचार या किसी भी जानकारी के लिए अनुरोध किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त टीबी से संबंधित समस्त जानकारी, टीबी जांच एवं उपचार की नजदीकी सुविधा, टीबी के जोखिम का आकलन करने के लिए स्क्रीनिंग टूल, पोषण संबंधी सहायता एवं परामर्श आदि जैसी जानकारी भी ली जा सकती है।

**हर व्यक्ति की निःशुल्क जांच व इलाजः** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया जिले के सभी प्रखंडों में प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों के इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। जहां पर वह अपना इलाज करा सकते हैं। इसके साथ उनको निःशुल्क दवा भी दी जाती, जो नजदीक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। इससे टीबी के मरीजों को काफी सहूलियत होती है। देश के साथ जिले को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प है और इसीलिए टीबी रोग की रोकथाम के विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। टीबी रोगी सघन खोज अभियान में टीबी के लक्षण मिलने पर उसके बलगम की जांच की जाती है। साथ ही टीबी रोग पर नियंत्रण करने के लिए लोगों को सावधानियां बताते हुए जागरूक करने का प्रयास भी किया गया है। मरीज इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इस तरह से एप का करें प्रयोग यह एप एंड्रायड और आईओएस दोनो प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

कुमार अर्थोपेडीक मल्टी स्पेस्लीटी क्लिनीक की ओर से जिलेवासिओं को छठ की हार्दिक शुभकामनाएं



## छोटी खबरें

### छठ घाट पर झुलसी व्रती, इलाज जारी

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के छठ घाट पर रविवार की शाम छठ पूजा करने गई एक श्रद्धालु महिला झुलस गई है। मिली जानकारी के अनुसार झुलसी महिला इसी गांव की उषा देवी है। जिसका इलाज बक्सर सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार वह छठ घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने गई थी। वह जिस जगह पर बैठी थी, उसके पीछे किसी श्रद्धालु ने एक दीपक जला कर रखा था। उसी दीए से महिला की साड़ी में आग पकड़ लिया तथा वह झुलस गई। घटना के बाद घाट पर अफरातफरी मच गई।

### घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**डुमरांव।** छठ बीतने के बाद सोमवार की शाम नगर के कई छठ घाटों पर पूजा समितियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### स्टेशन पर उमड़ने लगी भीड़

**डुमरांव।** छठ पर्व बीतते ही परदेशी अपने नौकरी पेशा वाले स्थानों पर जाने लगे है। जिस कारण स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भीड़ उमड़ने लगी है। सोमवार को पूरे दिन डुमरांव स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरा रहा। महापर्व के खत्म होने के बाद अन्य राज्यों के कामगार यात्रा करने के लिए आ रहे थे, तो कई अपना टिकट लेने आ रहे थे। अधिक भीड़ के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गौरतलब है कि छठ बीतने के एक पखवाड़े तक स्टेशन पर यात्रियों की आपाधापी मची रहती है। इस बार भी यह सिलसिला शुरू हो गया है। इधर, गया में हुए ट्रेन हादसों के बाद ट्रेनों की लेट लतिफी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है।

### छठ घाटों पर सख्त इंतजाम वॉच टावर से हो रही थी निगरानी

डुमरांव। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शहरी व ग्रामीण इलाके के सभी छठ घाटों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मुश्तैद रहा। डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के 18 घाटों पर छठ के लिए चिह्नित किए गए थे। जहां पुलिस प्रशासन का विशेष निगाह था। छठ पर्व के लिए चर्चित डुमरांव का छठिया पोखरा पर प्रशासन ने वॉच टावर के जरिये घाट पर उमड़े छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के भीड़ की निगरानी की। कई जगहों पर तीसरी आंख से नजर रखी जा रही थी। वॉच टावर पर एसडीएम कुमार पंकज, प्रभारी डीएसपी कुमार वैभव, नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी पल-पल की खबरें ले रहे थे।

# आस्था का सम्मान, नावानगर छठ पूजा समिति ने 9 छठ व्रतियों को किया पुरस्कृत

वरूण सिंह/नावानगर

आस्था के कई रूप होते है। खासकर जब पर्व लोक आस्था के महापर्व से जुड़ा हो तो इसके कई रूप दिखना स्वभाविक है। वैसे तो छठ महापर्व के प्रति लोगों की आस्था कोई नई बात नहीं है। इस महापर्व में शामिल होने के लिए लोग हजारों किलोमीटर दूर से अपने गांव चले आते है। वही व्रती महिलाओं तथा उनके परिवार को कई सावधानियां बरतनी पड़ती है। इस व्रत को सबसे कठिन व्रत कहा जाता है तथा व्रतियों को अनवरत 36 घंटे निर्जला उपवास भी रहना पड़ता है। इस बार के छठ में नावानगर प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित ठाकुरबाड़ी छठ घाट पर आस्था का अनोखा नजारा देखने को मिला। इस घाट पर छठ करने वाली नौ छठ व्रती तथा उनका परिवार रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के बाद पूरी रात घाट पर ही रूक सूर्योदय होने का इंतजार किए। इस दौरान व्रतियों तथा उनके परिजनों द्वारा पूरी रात छठ मईयां के गीत गाए गए तथा भगवान सूर्य देव की अराधना की गई। उनके


चयनित छठ व्रतियों को पुरस्कृत करते समिति अध्यक्ष

इस कठिन तप से खुश हो ठाकुरबाड़ी पूजा समिति ने सभी नौ व्रतियों को सुबह में चांदी का लक्ष्मी गणेश की मूर्ति दे सम्मानित किया

- पूजा समिति ने व्रतियों को चांदी से बनी लक्ष्मी गणेश की मूर्ति देकर किया सम्मानित
- पूरी रात घाट पर रह किया था भागवान भास्कर की पूजा

तथा इस महापर्व के प्रति उनके अटूट आस्था की जमकर सराहना की।

समिति के अध्यक्ष धनु मौर्य खुद अपने हाथों पूरी रात घाट पर रूकने वाले सभी व्रतियों को यह सम्मान दिया। सम्मान पाकर छठ व्रती महिलाएं खुश नजर आई। उनका कहना था कि छठी मईया ने सुबह में ही उन्हें उपहार दे दिया है। बता दें कि सूर्यास्त को अर्घ्य देने के बाद सभी व्रती अपने घर चले जाते है। लेकिन इस घाट पर कुछ अलग ही नजारा दिखाई पड़ा। पूरी रात दुधिया रौशनी की छंटा में व्रतियों का छठ गीत माहौल का भक्तिमय बना रहा था। व्रतियों के इस कठिन अनुष्ठान की ग्रामीणों ने भी जमकर सराहना की है।

समिति अध्यक्ष धनु ने बताया कि यहा रात में छठ घाट पर रूकने की पहल की शुरूआत हुई है। यही कारण है कि उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि अगले साल भी रात में छठ घाट पर रूकने वालों को सम्मानित किया जाएगा। वैसे नावानगर की ठाकुरबाड़ी पूजा समिति द्वारा इस बार छठ व्रतियों के लिए काफी अच्छी व्यवस्था की गई थी। जिस कारण यहा छठ करने वाले व्रती तथा उनके परिवार काफी खुश नजर आ रहे थे। लेकिन पूरी रात व्रतियों द्वारा गाए गए छठ गीत व भजन आकर्षण का केन्द्र बना रहा। जिसकी चर्चा सोमवार को पूरे दिन प्रखंड क्षेत्र में होते रही।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न, प्रशासन को राहत की सांस

- छिटपुट घटनाओं को छोड़ जिले भर में रही शांतिपूर्ण मना छठ
- बक्सर के गंगा घाट व डुमरांव का छठिया पोखरा रहे आकर्षण का केन्द्र

**केटी न्यूज/ बक्सर टीम**

लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। इसके पहले रविवार की शाम व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया था। इस दौरान बक्सर शहर के गंगा घाटों के किनारे बनाए गए छठ घाट तथा डुमरांव छठिया पोखरा घाट जिले भर में आकर्षण का केन्द्र रहे। इन दोनों जगहों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने छठ का अर्घ्य अर्पित किया था। इसके अलावे भी बक्सर में कई घाट तथा डुमरांव में छठिया पोखरा समेत कुल 18 छठ घाट बनाए गए थे। जहा बड़ी संख्या में लोगों ने छठ किया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ जिलेभर में यह महापर्व शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिससे जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। इस चारदिवसीय महापर्व का उमंग रविवार की शाम ही देखने को मिला। सूर्यास्त होते ही विभिन्न छठ घाटों में कलसूप व दीए लिए खड़ी व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान सभी घाटों पर मेला सरीखा नजारा था। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही मेडिकल टीम भी सभी चिन्हित घाटों पर तैनात थी। प्रशासन द्वारा छठ की निगाहबानी के लिए बक्सर व डुमरांव में अलग-अलग जगहों पर वॉच टावर भी लगवाए गए थे। लेकिन व्रती परिवार काफी शांतिपूर्ण


फोटो- दउरा लेकर घाट पर जाते छठ व्रती


फोटो- छठ पर सजा छठिया पोखरा घाट


फोटो- भुइपरी करते जाते व्रती


व्रती को अर्घ्य देती युवती

तरीके से महापर्व को मनाया। जिस कारण प्रशासन का काम आसान हो गया था। गौरतलब है कि शुक्रवार को नहाय खाय के साथ ही यह महापर्व शुरू हुआ था। शनिवार को खरना, रविवार का पहला तथा सोमवार को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया गया। सुबह का अर्घ्य देने के बाद ही छठ व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने व्रत को पूरा किया। इस दौरान वे 36 घंटे तक निर्जला रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी उल्लासपूर्ण वातावरण में छठ मनाने की जानकारी मिली है। वही डुमरांव तथा बक्सर में प्रशासन के साथ ही स्थानीय पूजा समितियों ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा था।

# सिमरी में श्रद्धापूर्वक मनाया गया छठ, घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, दिखा उत्साह

**केटी न्यूज/सिमरी**

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गांवों में बने तालाबों के साथ ही बड़े पैमाने पर लोगों ने गंगा किनारे जाकर छठ के विधानों को पूरा किया है। प्रखंड मुख्यालय सिमरी के साथ ही बड़का राजपुर, नियाजीपुर, छोटका राजपुर, सहियार, गंगौली, राजापुर, केशोपुर, मानिकपुर, दुबौली, सिंहनपुरा, एकौना समेत कई अन्य गांवों में शांतिपूर्ण तरीके से छठ मनाए जाने की जानकारी मिली है। सभी छठ व्रती रविवार की शाम अस्ताचलगामी व सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर इस महापर्व के विधानों को पूरा किए। इसके पहले विधि विधान से नहाय खाय व खरना भी मनाया गया।

इस महापर्व में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूसरे प्रदेशों से आए थे। महापर्व में प्रवासियों के गांव आने से छठ की रौनक और बढ़ गई थी। महापर्व के दौरान चारों तरफ साफ सफाई व शांत वातावरण बना रहा। अर्घ्य के दौरान सभी छठ घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी थी। चारों तरफ छठ के मधुर गीत सुनाई पड़ रहे थे। जिससे माहौल छठमय बन गया था।


छठ घाट पारश्रद्धालु


छठ घाट पर उमड़ी भीड़

# सनातन संस्कृति संत समागम के दौरान 12 दिनों तक बक्सर में रहेंगे जीयर स्वामीजी महाराज

## स्वामी जी महाराज के सानिध्य में होगा संपूर्ण कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**

नवंबर के पहले सप्ताह के अंत से बक्सर में श्रीराम कर्म भूमि न्यास सिद्धाश्रम के तत्वावधान में आयोजित हो रहे यज्ञ तथा संत समागम समेत नौ दिवसीय कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त परम पूज्य श्री जीयर स्वामीजी महाराज के देखरेख में संपन्न होगा।

जानकारों का कहना है कि न्यास के अनुरोध पर स्वामी जी महाराज ने पूरे कार्यक्रम तक यहा रूकने के उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पूज्य स्वामी जी महाराज सात नवंबर को देव दिवाली पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। जबकि श्रीराम कर्म भूमि न्यास द्वारा अहिरौली में कराए जा रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ तथा सनातन संस्कृति संत समागम के तहत 8 नवंबर को देशभर के साधु संतों को आमंत्रित किया है।

पूज्य स्वामीजी महाराज इसमें शामिल होने के साथ ही 9 नवंबर को जलभरी से शुरू हो रहे श्रीलक्ष्मी


फोटो : जीयर स्वामी जी महाराज

नारायण महायज्ञ के यज्ञ की पूर्णाहुति 15 नवंबर तक अहिरौली में ही रूकेंगे। यज्ञ संपन्न होने के बाद वे चरित्रवन स्थित अपने गुरु त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के समाधि स्थल पर प्रवास करेंगे तथा पंचकोशी मेले के बाद 18 नवंबर को उनके गुरू त्रिदंडी स्वामी जी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। पूण्यतिथि कार्यक्रम भी पूज्य स्वामीजी के नेतृत्व में ही संपन्न होगा। ऐसे में कुल 12 दिनों तक स्वामीजी महाराज बक्सर में प्रवास करेंगे। इस दौरान उनके भक्त उनके दर्शन का लाभ पा सकेंगे। इसकी जानकारी मिलते ही स्वामीजी के शिष्यों व धमार्नुरागियों में खुशी व्याप्त है।

## एक नजर

### फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**बक्सर।** जिला मुख्यालय स्थित पीपरपांती रोड स्थित ताड़का नाला के समीप स्थित एक घर में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। उक्त घर के गृहस्वामी द्वारा अपने घर में प्लास्टिक तथा फर्नीचर की दुकान और गोदाम का संचालन किया जाता है। दीपावली में खुदरा पटाखे की बिक्री भी हो रही थी। जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त घर में ताला बंद था तथा सभी लोग छठ मनाने गंगा घाट पर गए थे। पड़ोसियों की सूचना पर गृह स्वामी सह दुकान मालिक मंटू प्रसाद ने इसकी सूचना अग्निशामन विभाग को दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दो वाहनों ने एक घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूत्रों का कहना है कि घर से आ रहे तेज धमाके की आवाज से आगलगी की इस घटना की जानकारी पड़ोसियों को हुई और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जानकारों का कहना है कि जिस घर में आग लगी थी वह रिहायसी इलाके में है तथा समय रहते यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। जबकि मंटू के आगलगी के कारणों से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उस समय उनका पूरा परिवार छठ का अर्घ्य देने गंगा घाट पर गया था। घटना की सूचना उनके पड़ोसियों द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि उनके दुकान तथा गोदाम दोनों जगहों पर अग्निशमन यंत्र मौजूद था। लेकिन घर बंद होने से उसका उपयोग नहीं हो सका। बहरहाल इस घटना के बाद पीड़ित दुकानदार काफी मायूस है।

### इंकलाबी नौजवान सभा ने व्रतियों के लिए लगाया कैंप

**डुमरांव।** छठ पूजा के अवसर पर इंकलाबी नौजवान सभा ने छठिया पोखरा छठ घाट पर व्रतियों की सहायता के लिए एक कैंप लगाया था। इस कैंप में छठ व्रतियों और अन्य श्रद्धालुओं के लिए आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई थी। कैंप में अनुमंडल अस्पताल डुमरांव के चिकित्सक एवं सहायक भी शामिल थे। किसी भी स्थिति में तत्काल चिकित्सीय मदद के लिए इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ता तत्तपर थे। डुमरांव विधायक अजीत कुमार सिंह के सुझाव पर लगे इस कैंप में उनके निजी सहायक मो नासिर हसन, सुकर राम, भगवान दास, शैलेन्द्र, बाबूलाल, अजित सर, एहसान अंसारी, एस के दास, जितेंद्र कुमार, वीरेन सहित अन्य कार्यकर्ता व चिकित्सक शामिल थे।

### बक्सर में अचानक धूं-धू कर जल उठी बाइक, फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**बक्सर।** सोमवार की शाम बक्सर समाहरणालय रोड स्थित व्यवहार न्यायालय के ठीक सामने एक बाइक अचानक धूं-धूं कर जलने लगी। घटना शाम करीब साढ़े चार बजे की है। लोग कुछ समझ पाते तथा फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना देते तबतक पूरी बाइक जल चुकी थी। बाइक से आग की लपटे उठता देख किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी कि उसके करीब पहुंचे। हालांकि आग बुझने के घंटों बाद भी उसका मालिक सामने नहीं आया। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो व्यवहार न्यायलय के सामने एक यामाहा एफजेड बाइक खड़ी थी। एक किशोरवय युवक वहा खड़ी बाइक पर बैठ जैसे ही स्टार्ट करना चाहा, तो बाइक जलने लगी। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद युवक बाइक छोड़ भाग खड़ा हुआ। जबकि बाइक देखते ही देखते आग के गोले में बदल गई। आस में मौजूद लोगों में से किसी ने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुची फायर वाहन ने आग पर काबू पा उसे विकराल होने से बचा लिया। हालांकि इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं मिल सकी है। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है। बहरहाल इस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बाइक जलने के बाद भी उसका मालिक आखिर सामने क्यों नहीं आया।

### पुलिस ने मनाया एकता दिवस, सबको दिलाई गई शपथ

**बक्सर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रत्येक वर्ष बक्सर जिला समेत पूरे देश में एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी 147वीं जयंती के अवसर पर मुख्यालय के निर्देश का पालन करते हुए सभी पुलिस कर्मियों को एकता व अखंडता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई गई। एसपी नीरज कुमार सिंह ने स्वयं सोमवार को पुलिस लाइन में सभी जवानों को शपथ दिलाई। जबकि एसपी कार्यालय में मुख्यालय डीएसपी ने यह कार्य किया। इसके लिए जारी किए गए संदेश में यह लिखा गया था - सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने लिए सदैव कार्य करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं। जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दुरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। इन वाक्यों को एसपी से लेकर सिपाही तक ने दुहराया। यह कार्यक्रम दिन के 11 बजे पूरे जिले में एक साथ संपन्न हुआ। जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मियों ने भी इसे दोहराया।

### पेट्रोल पंप कर्मी के मनमानी का वीडियों वायरल, पीड़ित ने नहीं दर्ज कराया शिकायत

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के पड़रिया स्थित पेट्रोल पंप के नोजल मैन का एक वीडियो वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर चल रहे इस वीडियों में साफ सुना जा रहा है कि नोजल मैन एक बाइक चालक से पेट्रोल की कीमत प्रति लीटर दो सौ रुपये बता रहा था। यही नहीं बल्कि नोजल मैन उक्त युवक पर पैसा देने के लिए धौंस भी जमा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। हालांकि केशव टाईम्स इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो






# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर तोड़ा 36 घंटों का निर्जला व्रत

- चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन, घाटों पर दिखा आस्था का जनसैलाब
- घाटों पर सुरक्षा को चाक-चौबंद रही सुरक्षा, पुलिस के साथ मेडिकल टीम भी तैनात
- जगमगाती लाइटों की लरियों से बढ़ी घाटनों की सुंदरता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**


घाट पर जाते व्रती व परिजन


घाट पर अर्घ्य के लिए जुटे व्रती व श्रद्धालु


घाट का जायजा लेने पहुंची डीएम व एसपी

लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार की अहले सुबह उगले सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त हो गया। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने एक दूसरे को सिंदुर लगाया और छठ के महाप्रसाद का आदानप्रदान किया। तत्पश्चात घाटों पर ही व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण 36 घंटों का निर्जला व्रत तोड़ा। उसके बाद सभी घाट से अपने अपने घरों की ओर रवाना हो गए। इसके पूर्व रविवार को जिले के विभिन्न घाटों पर महिला व पुरुष व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस पर्व को लेकर प्रशासन पहले से ही स्थानीय लोगों की मदद से घाटों की साफ- सफाई तथा लाइटिंग की व्यवस्था की थी। हर घाटों पर पुलिस प्रशासन के साथ महिला कांस्टेबलों की मौजूदगी देखने को मिली। साथ ही, जिले के प्रमुख घाटों पर पुलिस जवानों और गोताखोरों के साथ साथ मेडिकल टीम भी तैनात रही। इस क्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी तथा पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे ने गाजीपुर के विभिन्न घाटों का नाव से भ्रमण कर जायजा लिया। भुड़कुड़ा कोतवाली अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक हीरामणि यादव ने बताया कि हर घाटों की मॉनिटरिंग में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही।

**कोविड काल के बाद इस बार भव्य रूप से मनाया गया छठ का महापर्व :** जिला मुख्यालय से व्रती प्रियंका सिंह एवं विमला सिंह ने बताया कि घाटों की साफ-सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय लोगों की मदद से काफी अच्छी है। कोविड के बाद इस बार भव्य रूप छठ का महापर्व से मनाया गया। घाटों पर इतनी भीड़ देखने को मिली। प्रियंका सिंह ने बताया कि खरना के दिन से ही छठ व्रत शुरू हो जाता है। दिनभर व्रती निर्जला उपवास के बाद शाम को मिट्टी के बने नए चूल्हे पर आम की लकड़ी की आंच से गाय के दूध में गुड़ डालकर खीर और रोटी बनाते हैं। उसके बाद इसे भगवान सूर्य को केले और फल के साथ भोग लगाकर फिर प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करते हैं। पहले इस प्रसाद को व्रतधारी ग्रहण करती हैं। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद अब व्रती लगातार 36 घंटे तक निर्जला उपवास के बाद सोमवार को उगते हुए सूर्य को जल अर्पण करने बाद जल-अन्न ग्रहण किया।

**जलाशय के चारों ओर की गई थी लाइटिंग की व्यवस्था :** इसी क्रम में जौहरपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभय सिंह द्वारा प्राइमरी पाठशाला के जलाशय घाट पर भी व्रती महिलाओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। जलाशय के चारों तरफ गोताखोरों की व्यवस्था व लाइटिंग की व्यवस्था की गयी थी। छठ पर्व के विषय में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज ने सिद्धपीठ स्थित जलाशय के घाटों पर बेदी बनवा कर सैकड़ों छठ भक्ति माताओं को फल वस्त्र डाली के साथ फलाहार की टोकरी वितरण करते हुए बताया कि छठ पर्व वर्ष में दो बार आता है। एक बार चैती छठ व दूसरा कार्तिक मास का छठ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाले इस पावन पर्व को ह्यछठह्ण के नाम से जाना जाता है। इस पूजा का आयोजन पूरे भारतवर्ष में बड़े पैमाने पर किया जाता है।ज्यादातर पूर्वांचल व बिहार के लोग इस पर्व को मनाते हैं।

**घाटों पर दिखा मेले सा दृश्य :** डाला छठ पर्व पर गांगी नदी में डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। सभी घाटों को स्थानीय पूजा समितियों के स्तर से भव्य रुप से सजाया गया था। नदी के तट पर सीढ़ी का निर्माण व्रती महिलाओं के लिए ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। भारी भीड़ के कारण मेला सा दृश्य बन गया। यह पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बढ रहा है। दूसरे दिन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात व्रते समापन होगा। यह पर्व सबसे खचीर्ला है। शासन द्वारा आपदा राहत के लिए जल पुलिस की टीम मौके पर मौजूद थी। इस अवसर पर समाजसेवी संगठनों सहित बजरंग दल का घाट के भव्य रुप से सजाने तथा साफ -सफाई में विशेष योगदान रहा।

## डीएम और एसपी ने किया विभिन्न घाटों का निरीक्षण

**गाजीपुर।** सूयोर्पासना का महापर्व डाला छठ को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नाव में सवार होकर कलक्ट्रेट घाट से ददरी घाट, साईं मंदिर घाट सहित विभिन्न प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर लगने वाले सुरक्षा व्यवस्था व पुलिस बल से संबंधित जानकारी ली गई। साथ ही, ड्यूटी में लगे संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## छोटी खबरें

### प्रसाद लेने घाट पर गई दो बच्चियां पोखरे में डूबी, एक की मौत

**नगरा।** नगर पंचायत के तिलकारी स्थित तरिया पोखरा पर फिसलने से गहरे पानी में 8 व 10 वर्षीय दो बच्चियां डूब गई। ग्रामीण दोनो को पानी से निकाल कर अस्पताल ले कर गए, जहां चिकित्सक ने आठ वर्षीय बच्ची को मृत घोषत कर दिया। तिलकारी स्थित तरिया पोखरा पर छठ के दूसरे दिन सुबह नट बस्ती के बच्चे प्रसाद मांगने व छठ घाट की वेदी पर चढ़े पैसा को बटोरने गए थे। जिसमें सलोनी (आठ वर्षीय) का पैर फिसल गया और वह पोखरे में गिर गई। जिसे बचाने के लिए गुनगुन (10 वर्षीय) पानी में कूदी, लेकिन वो भी डूबने लगी। दोनो बच्चियों को पानी में डूबता देख बच्चो ने शोर मचाया। जिसके बाद ग्रामीण दोनों बच्चियों को पानी से निकाल कर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने सलोनी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### 2022-23 छात्रवृत्ति की समय-सारिणी शासन ने किया निर्गत

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि वर्ष 2022-23 छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समय-सारिणी शासन द्वारा निर्गत की गई है। जनपद के समस्त संस्थाएं निम्न विवरण के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगी। जिसमें कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के नवीन (फ्रेस) तथा नवीनीकरण अवशेष के छात्रों हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन की तिथि 08 जुलाई से 07 नवम्बर, 2022 तक एवं छात्रों द्वारा किए गए आनलाइन आवेदन को विद्यालय/संस्था द्वारा फारवर्ड किया जाने की तिथि 15 नवंबर 2022 तक निर्धारित है।

### बालिका इंटर कॉलेज में मनाई गई लौहपुरुष की जयंती

**गाजीपुर।** लूदर्स कॉन्वेंट बालिका इंटर कॉलेज में 28 यूपी गर्ल्स बटालियन इकाई की एनसीसी कैडेट्स द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्या सिस्टर अल्फोन्सो द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा उनके नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात राइफल क्लब से नेहरू स्टेडियम तक रन फॉर यूनिटी के अंतर्गत रैली निकाली गई। जिसमें एनसीसी कैडेट्स एवं गाइड ने भाग लिया। रैली का प्रारंभ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस कार्यक्रम में पूनम वर्मा सुनीत सर और कैप्टन रीता सिंह भी उपस्थित रहीं।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जाएगा बलिया का बस अड्डा : परिवहन मंत्री

- सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री

**केटी न्यूज/बलिया**



प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट की तर्ज पर बलिया का बस अड्डा बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने 1150 नयी बसे खरीदने का निर्णय लिया है। इसमे अधिकांश बसें बलिया से चलायी जाएंगी। परिवहन मंत्री सोमवार को नगरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह के आवास पर आयोजित सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम व सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था। आज पूरे देश में उनकी जयंती मनायी जा रही है। आज पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। भाजपा जिला महामंत्री आलोक शुक्ल की मांग पर परिवहन मंत्री ने भरोसा दिया कि बलिया से नगरा होते हुए लखनऊ तक एसी बस चलायी जायेगी।

पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने उन्होने देश की एकता व अखंडता को अक्षुण बनाये रखने के लिये अविस्मरणीय योगदान दिया था। दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री व भाजपा नेता छट्ठू राम ने कहा कि बिल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र अति पिछड़ा है। मंत्री जी को बलिया के साथ साथ बिल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र पर भी ध्यान देने की जरुत है। परिवहन मंत्री ने कहा कि छट्ठू राम ही बिल्थरारोड के वास्तविक विधायक हैं। इनकी हर मांग पूरी की जाएगी। इससे पहले पूर्व प्रमुख अनिल सिंह व श्रेयस सारटेक्स इंडस्ट्रीज के एमडी विनय कुमार सिंह ने परिवहन मंत्री एवं अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस अवसर पर बासडीह की विधायक केतकी सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह,जयप्रकाश जायसवाल, अजय सिंह, जगत नारायण पांडेय, संजय पांडेय, लालबहादुर यादव, सुभाष सिंह, बाबूराम सिंह, नूरमुहम्मद, फरीद, परवेज,धीरेंद्र बहादुर सिंह, काशीनाथ जायसवाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शफीक अहमद व संचालन आलोक शुक्ल ने किया।

### ज्योति सिंह ने अपने पति भोजपुरी स्टार पवन पर लगाया गर्भपात कराने का आरोप

**बलिया।** शहर के मिड्ढी की रहने वाली व भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर अपने पति पर गर्भपात व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में पत्नी ज्योति सिंह ने कहा है कि उनका विवाह छह मार्च 2018 को भोजपुरी पिफल्म अभिनेता पवन सिंह के साथ जिले के चितबड़ागांव के एक होटल में हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही पवन सिंह के साथ ही उसकी सास प्रतिमा देवी व ननद उसे कम सुंदर होने व बराबरी के स्तर का न होने का ताना मारने लगी। ज्योति ने यह भी आरोप लगाया कि सास ने उसे मायके से मिले लगभग 50 लाख रुपये अपने पास रख लिया और इसके बाद प्रतिदिन उसके साथ गालीगलौज किए जाने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तरह-तरह से प्रताड़ित करने के साथ ही उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया जाने लगा।

## एक नजर

### विवादित जमीन पर हनुमान प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट


जांच को पहुंची पुलिस

**बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुरपुर कारी के पृथ्वीबांध में विवादित जमीन पर हनुमान प्रतिमा रखे जाने को लेकर। दो पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। इसमे कई लोग घायल हो गये। सूचना मिलते ही भारी संख्या पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घटना रविवार की देरशत की है। घटना के बद पुलिस ने मामले में लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि एक जमीन पर एक व्यक्ति को पट्टा दिया गया था। उस जमीन पर छठ पूजा के लिये वेदी बनाया। देर शाम पहले से सुनियोजित तरीके से कुछ लोग उक्त जमीन पर हनुमान प्रतिमा स्थापित करने लगे। इसकी जानकारी होते ही पट्टाधारक के साथ ही अन्य लोग पहुंच गये और उनका विरोध शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में कहा सुनी शुरू हो गयी। देखते ही देखते लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिसकर्मियों की संख्या कम होने से वे हालात पर काबू पाने में असमर्थ रहे जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये। तब जाकर हालात पर काबू पाया जा सका। पुलिस ने हनुमान प्रतिमा को कब्जा में लेने के साथ ही दोनों पक्षों के करीब सात लोगों को हिरासत में ले लिया।

### गेट की कुंडी काट घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये मुल्य के सामानों पर किया हाथ साफ



**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा निधरिया के नई बस्ती स्थिति शिवशक्ति नगर में छठ की रात चोरों ने एक मकान के मुख्य गेट का कुंडी काटकर करीब 50,000 रुपये नकदी व लाखों रुपये के जेवरात सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। यही नहीं चोरों ने उसी मकान के किराएदार के कमरे का ताला तोड़कर उसमे से भी सोने चांदी के करीब 50 हजार रुपये के जेवरात उड़ा दिये। इस मामले की जानकारी सुबह होने पर गांव में छठ करने गए मकान स्वामी पहुंचे तो इसकी सूचना पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। चोरों को शीघ्र पकड़ने का भरोसा भी दिलाया। मामले में बताया जाता है कि गड़वार थाना क्षेत्र के रामपुर असली गांव निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र मंगला सिंह निधरिया ग्राम सभा के नई बस्ती शिवशक्ति नगर में मकान बनाया है। जहां पर उनके परिवार के लोग रहते हैं। छठ पूजन के लिए नौकरी से छुट्टी आये हुए थे। रविवार को दिन में अपने पूरे परिवार के साथ छठ करने के लिए अपने गांव रामपुर असली गए हुए थे। सुबह घाट पर ही थे कि उनको किसी पड़ोसी ने मकान में चोरी होने की सूचना मोबाइल से दी। सूचना मिलते ही सुनील सिंह अपने परिवार के साथ निधरिया नई बस्ती पहुंचे। जहां मुख्य गेट के लोहे का दरवाजे की कुंडी चोरों ने काट दिया था। कुंडी को काटकर चोरों ने अंदर के अलमारी, लाकर, बक्सा, अटैची सबकुछ खंगालने के लाखों के समान पर हाथ साफ कर दिया था।

### सीएम से क्रियान्वित व घोषित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का आग्रह



**बलिया।** विधायक सह परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने छठ के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें बधाई दी। इसके साथ दोनों जनप्रतिनिधियों ने बलिया में क्रियान्वित व घोषित योजनाओं को जल्द ही अमलीजामा पहनाने के लिए आग्रह किया। योजनाओं में मेडिकल कॉलेज कटहल वाले के सुंदरीकरण आदि तमाम शामिल है। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ मंत्री और सांसद को आश्वस्त किया

### कुलदेवता सहस्त्रबाहु अर्जुन की धूमधाम से मनी जयंती

बलिया। जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा द्वारा सोमवार को कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती अग्रवाल धर्मशाला में धूमधाम से मनाई गई। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान अग्रवाल धर्मशाला में विभिन्न कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पुरानी परंपरा के तहत इस वर्ष भी कुलदेवता की जयंती के अवसर पर जायसवाल समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए इस कार्यक्रम के सफल बनाया। सुबह 11 बजे हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# आर्थिक तंगी व काम के दबाव से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- सूचना मिलने पर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ निकाला शव

**केटी न्यूज/बलिया**


मृतक नितेश की फाइल फोटो

जिले के टाउन थाना अंतर्गत रामपुर महावल निवासी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव युवक फांसी लगाकर अपनी खुदकुशी। परिजनों का आरोप है कि वह सिधारी कस्बे में किराए के मकान में रहकर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करता था। युवक रानू तिवारी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करता था। परिजनों की मानें तो वह काफी दिनों से आर्थिक तंगी झेल रहा था, शायद इसीलिए उसने आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि आजमगढ़ कस्बे एक कमरे में सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, युवक द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही उसके बलिया शहर के रामपुर महावल स्थित घर पर मातम पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत अखोप गांव निवासी रानू तिवारी उर्फ नितेश दवा कंपनी में एमआर का काम करता था। रानू रामपुर महावल में मकान बनाकर रहता था। इसी बीच उसका स्थानान्तरण आजमगढ़ हो गया। इस वजह से वह सिधारी कस्बा के कृष्णा नगर में किराए की मकान में रहता था। उसके कमरे के सामने एक वकील भी किराए पर रहते है। एमआर का कमरा एक दिन से बंद था। वकील को संदेह हुआ, तभी रानू तिवारी का एक एमआर मित्र भी आ गया। एमआर मित्र ने रोशनदान से झांककर देखा तो गमछा के सहारे शव लटक रहा था।

परिवार के लोगों का कहना है कि नितेश काम के दबाव की वजह से कुछ दिनों से तनाव में था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इसके चलते ही उसने आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया है। हादसे की जानकारी होने के बाद परिजन व नाते-रिस्तेदार आजमगढ़ पहुंच गये। तीन भाईयों में सबसे बड़े नितेश की शादी शिवपुर दीयर में हुई में हुई थी। परिवार में पत्नी के अलावे सात साल की बेटी व पांच साल का बेटा है।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट की तर्ज पर बलिया का बस अड्डा बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने 1150 नयी बसे खरीदने का निर्णय लिया है। इसमे अधिकांश बसें बलिया से चलायी जाएंगी। परिवहन मंत्री सोमवार को नगरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह के आवास पर आयोजित सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम व सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था। भाजपा जिला महामंत्री आलोक शुक्ल की मांग पर परिवहन मंत्री ने भरोसा दिया कि बलिया से नगरा होते हुए लखनऊ तक एसी बस चलायी जायेगी।

पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने उन्होने देश की एकता व अखंडता को अक्षुण बनाये रखने के लिये अविस्मरणीय योगदान दिया था। दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री व भाजपा नेता छट्ठू राम ने कहा कि बिल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र अति पिछड़ा है। मंत्री जी को बलिया के साथ साथ बिल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र पर भी ध्यान देने की जरुत है। परिवहन मंत्री ने कहा कि छट्ठू राम ही बिल्थरारोड के वास्तविक विधायक हैं। इनकी हर मांग पूरी की जाएगी। इससे पहले पूर्व प्रमुख अनिल सिंह व श्रेयस सारटेक्स इंडस्ट्रीज के एमडी विनय कुमार सिंह ने परिवहन मंत्री एवं अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस अवसर पर बासडीह की विधायक केतकी सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह,जयप्रकाश जायसवाल, अजय सिंह, जगत नारायण पांडेय, संजय पांडेय, लालबहादुर यादव, सुभाष सिंह, बाबूराम सिंह, नूरमुहम्मद, फरीद, परवेज,धीरेंद्र बहादुर सिंह, काशीनाथ जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# 20 लाख से होगा विकास खंड परिसर में बैठक के लिए हाल का निर्माण

- एमएलसी ने देवकली ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित पार्क व बाउंड्रीवाल का किया लोकार्पण
- विधान परिषद सदस्य ने अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट आकाश यादव का किया सम्मान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पार्क व चहरदिवारी का लोकापर्ण करते एमएलसी व अधिकारी

देवकली विकास खंड परिसर में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। साथ ही, विधायक निधि से निर्मित पार्क व चहरदिवारी का लोकापर्ण व अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट आकाश यादव का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने फीता काटकर किया। विशिष्ठ अतिथि के रुप मे ब्लाक प्रमुख माधुरी यादव, प्रतिनिधि उपेन्द्र यादव, सतेन्द्र सिंह सत्या, देवेन्द्र यादव, फेंकन यादव, राममूरत यादव मौजूद रहे। इस अवसर ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने कहा कि गांव के विकास की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्यों की है। पात्र लोगों को लाभ मिले ध्यान देना आवश्यक है। ब्लाक परिसर में पार्क निर्माण पर 15 लाख रुपया खर्च हुआ है तथा बैठक हेतु हाल निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा किया। जिसका उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

**लोगों की समस्याओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा :**

विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने कहा कि मेरा दरवाजा सबके लिए खुला है। लोग अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, जिसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। एमएलसी ने नव निर्मित पार्क मे वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के आरंभ में पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व. रामधारी पहलवान के मूर्ति पर माल्यापर्ण करने के पश्चात कुवैत मे एथलीट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता आकाश यादव व पूर्व एथलीट पिता आंन्नद यादव का माल्यापर्ण व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान राजेश यादव, कृपाशंकर कुशवाहा, सोनू पहलवान, सुदर्शन यादव, खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र मौर्य, एडीओ पंचायत गंगासागर कुशवाहा, नरेन्द्र कुमार मौर्य, पवन वर्मा, दीलीप गुप्ता, श्रीकांत सिंह, दरोगा यादव, सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह यादव, जोखन यादव, राम अवध यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष फेंकन यादव व संचालन अधिवक्ता विजय शंकर सिंह ने किया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र लाल यादव ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त